प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त
राजकीय/अनुदानित/निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

पत्रांक–प्राशिप/अनु04/2023/ 3365 लखनऊःदिनांक– 14/08/2023

विषयः–सम सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा/ओनली बैक पेपर परीक्षा, जून–2023 की प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक परिषद पत्रांक–प्राशिप/अनु04/2023/2884 दिनांक 19.07.2023, पत्रांक–3137 दि0 02.08.2023 एवं पत्रांक–3247 दिनांक 08.08.2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा परिषद की सम सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा/ओनली बैक पेपर परीक्षा, जून–2023 की प्रयोगात्मक परीक्षा दिनांक 16.07.2023 तक पूर्ण कराते हुए प्रयोगात्मक अंको की प्रविष्टि परीक्षक लॉगिन के माध्यम से परिषद की वेबसाइट पर कराने सम्बन्धी निर्देश प्रदान किये गये हैं।

उपरोक्त के दृष्टिगत अवगत कराना है कि जिन संस्थानों की प्रयोगात्मक विषयों के अंक अभी परीक्षक द्वारा लॉगिन पर प्रविष्टि नहीं की गयी है, का विवरण संस्था लॉगिन पर उपलब्ध करा दिया गया है। अतः अनुरोध है कि अपने लॉगिन पर उपलब्ध कराये गये परीक्षकों से सम्पर्क करते हुए प्रयोगात्मक अंकों की प्रविष्टि दिनांक 20.08.2023 तक कराना सुनिश्चित करें, उक्त कार्य में शिथिलता न बर्ती जाए, अन्यथा कि स्थिति में यदि किसी संस्थान का परीक्षाफल बाधित होता है, तो इसका उत्तरदायित्व संस्था प्रधानाचार्य का होगा।

आवंटित परीक्षकों को भी निर्देशित किया जाता है कि अपने आवंटित संस्थानों की प्रयोगात्मक परीक्षा तत्काल पूर्ण कराते हुए अंकों की प्रविष्टि करना सुनिश्चित करें, परीक्षा कार्य में शिथिलता न बर्ती जाए, अन्यथा संस्थान का परीक्षाफल बाधित होने की स्थिति में संस्थान के साथ–2 आप भी उत्तरदायी होंगे एवं आपके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

साथ ही सूच्य है कि कतिपय संस्थानों से परीक्षकों के द्वारा प्रयोगात्मक परीक्षा अवैध तरीके से सम्पन्न कराने एवं पैसों की मांग सम्बन्धी शिकायतें प्राप्त हो रहीं हैं। उक्त के सम्बन्ध में आपको निर्देशित किया जाता है कि यदि किसी परीक्षक द्वारा पैसों के लेन–देन सम्बन्धी मांग की जा रही है या प्रयोगात्मक परीक्षा विधिवत तरीके से न कराकर अन्य तरीके अपनाये जा रहें हैं, तो इसकी सूचना रिकॉर्ड सहित परिषद कार्यालय की ई–मेल anubhag4bte@gmail.com पर तत्काल

सूचित करें, ऐसे प्रकरण को गम्भीरता से संज्ञान में लिया जायेगा एवं दोषी के खिलाफ नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

प्रयोगात्मक परीक्षा में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बर्ती जाए तथा परीक्षा के शुचितापूर्ण तरीके से सम्पन्न करायी जाए।

पुनः संज्ञान में लाना है कि प्रयोगात्मक परीक्षा दिनांक 20.08.2023 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

प्रयोगात्मक परीक्षा पूर्ण होने के उपरांत प्रयोगात्मक अंको की ई–लिस्ट की हार्डकापी पेपर कोड के बढ़ते कम में व्यवस्थित कर सम्बन्धित परीक्षक प्रणाम पत्र के साथ बाइंडिंग कराते हुए परिषद कार्यालय को दिनांक 22.08.2023 के पूर्व प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

भवदीय

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

पृ0सं0:–प्राशिप / अनु04 / 2023 / 3366-68 तद्दिनांकः– 14/08/2023

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश कानपुर।
2. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पश्चिमी क्षेत्र / मध्य क्षेत्र / बुंदेलखण्ड क्षेत्र / पूर्वी क्षेत्र।
3. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव